Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड | RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०१/२०२६ सहायक लोको पायलट (एएलपी) के पद पर भर्ती

CEN 01/2026 Recruitment of Assistant Loco Pilot (ALP)

सत्यमेव जयते

Test Date	04/11/2026
Test Time	4:00 PM - 5:00 PM
Subject	RRB ALP 2026 CBT 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB ALP**

Q.1 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

37,44,58,79,107, ?

Ans
✗ A. 144
✗ B. 143
✗ C. 141
✓ D. 142

Q.2 एक निश्चित कूट भाषा में, 'wind whistles loud' को 'hy gb ec' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'dance with wind' को 'gb ut rn' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'wind' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ A. hy
✗ B. ut
✗ C. rn
✓ D. gb

Q.3 हाइड्रा के शरीर पर बारंबार कोशिका विभाजन के कारण बनने वाले छोटे उद्वर्ध (outgrowth) को क्या कहा जाता है?

Ans
✓ A. मुकुल (Bud)
✗ B. बीजाणु (Spore)
✗ C. पर्वसंधि (Node)
✗ D. प्रशाखा (Offshoot)

Q.4 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 15 का संबंध 48 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 का संबंध 66 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 28 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✓ A. 87
✗ B. 92
✗ C. 83
✗ D. 95

Q.5 एक बेलनाकार स्तंभ का व्यास 84 cm है और इसकी ऊंचाई 25 m है। ₹25 प्रति m^2 की दर से स्तंभ के वक्र पृष्ठ को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
✓ A. ₹1,650
✗ B. ₹1,618
✗ C. ₹1,698
✗ D. ₹1,617

Test Prime By Adda247

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.



1,50,000+ Mock Tests

25,000+ Previous Year Papers

800+ Exam Covered

500% Refund on Selection

5 lakh+ Free Quizzes

Daily Free PDFs

Top Alerts Stay Updated

WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

- Safe & Reliable
- Trusted by Lakhs of Aspirants
- Your Success, Our Mission

DOWNLOAD TEST PRIME

Your Success Partner!

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Test Prime

SUCCESS GALLERY!

MEET THE ACHIEVERS


Shreya, SBI PO


Sahil, SBI PO


Srijita, SBI PO


Vikram, IBPS PO


Neeti, IBPS PO


Arya, IBPS PO


Hasan, SSC CGL


Palak, SSC CGL


Priti, UP TGT


Aniket, Bihar Stet


Shaurya, NTPC


Sarita, CTET


Gourav, NTPC


Sanni, NTPC


Abhishek, CTET


Sapna, IBPS Clerk

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Q.6 एक नल किसी टंकी को 9 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी टंकी को 18 घंटे में खाली करता है। यदि टंकी शुरू में खाली हो और दोनों नल एक साथ खोले जाएं, तो टंकी के आधे भाग को भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
✗ A. 18
✗ B. 10
✓ C. 9
✗ D. 19

Q.7 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$48.3 - [7 + \frac{1}{7 + \frac{1}{7}}] - [3 + \frac{1}{3 + \frac{1}{3}}]$$

Ans
✗ A. 31.75
✗ B. 38.30
✓ C. 37.86
✗ D. 46.18

Q.8 अक्षय, बादल, क्रिस, दक्ष और एलिज़ाबेथ की लंबाई अलग-अलग है। दक्ष और क्रिस की लंबाई के बीच केवल तीन व्यक्तियों की लंबाई हैं। अक्षय, एलिज़ाबेथ से लंबा है लेकिन बादल से नाटा है। दक्ष, क्रिस से लंबा है। कितने व्यक्ति एलिजाबेथ से लंबे हैं?

Ans
✗ A. दो
✓ B. तीन
✗ C. चार
✗ D. एक

Q.9 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

COG LIT HER LET

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✗ A. चार
✗ B. दो
✓ C. एक
✗ D. तीन

Q.10 सात व्यक्ति A, B, C, I, J, K और L उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I के दाईं ओर केवल L बैठा है। A और I के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। K, J के दाईं ओर किसी स्थान पर परंतु C के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। C और J के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ A. एक
✓ B. दो
✗ C. तीन
✗ D. चार

Q.11 शृंखला समावयवता में, समावयव _____ में भिन्न होते हैं।

Ans
✗ A. प्रकार्यात्मक समूह का प्रकार
✓ B. कार्बन कंकाल विन्यास
✗ C.
प्रकार्यात्मक समूह की स्थिति
✗ D.
कार्बन परमाणुओं की संख्या

Q.12 यदि ₹5,000 को किसी बैंक में 6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 1 वर्ष के लिए जमा किया जाता है जबकि ब्याज, अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो वर्ष के अंत में मिश्रधन कितना होगा?

Ans
✗ A. ₹5,300.50
✓ B. ₹5,304.50
✗ C. ₹5,318.50
✗ D. ₹5,360.50

Q.13 यदि संख्या 643217 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से पहले दो अंकों योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 16
✓ B. 14
✗ C. 18
✗ D. 12

Q.14 किसी धनराशि को A, B और C के बीच 4:5:6 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। यदि C को ₹2,400 प्राप्त होते हैं, तो B को कितनी राशि प्राप्त होगी?

Ans
✗ A. ₹1,800
✗ B. ₹1,600
✓ C. ₹2,000
✗ D. ₹2,200

Q.15 JUMBLED शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में, बाएं से चौथे अक्षर और दाएं से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✓ A. 1
✗ B. 4
✗ C. 2
✗ D. 0

Q.16 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन आते हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर तय कीजिए।

प्रश्न: पाँच मित्र – लक्ष्य, मायरा, निवान, ओजस और प्रिशा – एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। ओजस के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

I. निवान, ओजस के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है।
II. लक्ष्य, निवान के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है, और मायरा, लक्ष्य के ठीक बाएं पड़ोस में बैठी है।

Ans
✗ A. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✓ B. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा (न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
✗ C. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
✗ D. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Q.17 जॉनी और बिली की वर्तमान आयु का योग 65 वर्ष है। अब से चार वर्ष पूर्व, बिली की आयु उस समय जॉनी की आयु की आधी थी। वर्तमान में जॉनी की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 49
✗ B. 50
✗ C. 41
✓ D. 42

Q.18 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FROM' को '6429' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FOUR' को '9324' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'U' के लिए कूट क्या है?

Ans
✓ A. 3
✗ B. 2
✗ C. 6
✗ D. 4

Q.19 शिनि बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 7 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़कर 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न हों, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✗ A. 4 km पश्चिम की ओर
✗ B. 7 km पश्चिम की ओर
✓ C. 5 km पश्चिम की ओर
✗ D. 6 km पश्चिम की ओर

Q.20 नीचे दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
YXA 65 DCF 75 IHK 85 NMP 95 ?

Ans
✔ A. SRU 105
✘ B. SQT 104
✘ C. SST 105
✘ D. SUX 104

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोग, ध्वनि तरंगों की अनुदैर्ध्य प्रकृति को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

Ans
✘ A. विभिन्न वाद्ययंत्रों से ध्वनि के तारत्व और प्रबलता को मापना
✔ B. संपीडन और विरलन उत्पन्न होने पर स्लिंकी में कणों की गति का अवलोकन करना
✘ C.
दर्पण से प्रकाश को परावर्तित करना और आपतन कोण को मापना
✘ D. शृंग और गर्त का अवलोकन करने के लिए टैंक में जल तरंगों का उपयोग करना

Q.22 यदि कोई दुकानदार 20% की छूट देने के बाद विक्रय मूल्य को ₹600 से बढ़ाकर ₹750 करना चाहता है, तो उसे अंकित मूल्य में कितने प्रतिशत की वृद्धि करनी चाहिए?

Ans
✘ A. 15%
✘ B. 20%
✔ C. 25%
✘ D. 12.5%

Q.23 25, 40 और 60 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 84
✔ B. 96
✘ C. 86
✘ D. 98

Q.24 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

5 18 33 50 69 ?

Ans
✘ A. 92
✔ B. 90
✘ C. 87
✘ D. 85

Q.25 आठ मित्र, H, I, J, K, L, M, N और O, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
L, N के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
O, L के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
K, J के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
L और M का निकटतम पड़ोसी H है।
I के सापेक्ष L का स्थान क्या है?

Ans
✘ A. दाईं ओर चौथा
✘ B. दाईं ओर तीसरा
✘ C. बाईं ओर दूसरा
✔ D. बाईं ओर तीसरा

Q.26 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
18 – 23 – 37 – 58 ; 13 – 18 – 32 – 53

Ans
✘ A. 23 – 28 – 42 – 60
✘ B. 11 – 16 – 30 – 43
✔ C. 21 – 26 – 40 – 61
✘ D. 15 – 20 – 32 – 53

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 11 और 24 दोनों से विभाज्य है?

Ans
- ✔ A. 17688
- ✘ B. 19408
- ✘ C. 19640
- ✘ D. 16811

Q.28 सात व्यक्ति, R, S, T, U, V, W और X, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। R के बाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R और U के बीच केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं। W, V के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। V, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T, S के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
- ✘ A. W
- ✘ B. S
- ✔ C. X
- ✘ D. V

Q.29 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) E H K N F D J S V I Z A M O G L W Y Q X U P R B (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans
- ✘ A. एक
- ✔ B. दो
- ✘ C. तीन
- ✘ D. एक भी नहीं

Q.30 एक निवेशक ऐसी योजना में ₹15,000 जमा करता है जो पहले वर्ष के लिए 7% चक्रवृद्धि ब्याज और दूसरे वर्ष के लिए 8% चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करती है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। 2 वर्षों के अंत में कुल धनराशि (₹ में) कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. 17,400
- ✘ B. 17,520
- ✔ C. 17,334
- ✘ D. 17,200

Q.31 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

210 A 5 C 38 D 19 B 3 = ?

Ans
- ✔ A. 23
- ✘ B. 21
- ✘ C. 25
- ✘ D. 24

Q.32 किसी वृत्त में, 80 cm लंबाई की एक जीवा केंद्र से 9 cm की दूरी पर है। वृत्त का व्यास ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 85 cm
- ✘ B. 86 cm
- ✔ C. 82 cm
- ✘ D. 88 cm

Q.33 एक निश्चित कूट भाषा में, 'NSCG' को '86' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'WEOP' को '118' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'QAYL' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✔ A. 110
- ✘ B. 113
- ✘ C. 116
- ✘ D. 120

Q.34 एक व्यक्ति ने 3 वर्षों के लिए 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹56,000 का निवेश किया। 3 वर्षों के बाद उसे प्राप्त होने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 70,800
- ✔ B. 72,800
- ✘ C. 73,800
- ✘ D. 71,800

Q.35 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

70 C 225 A 5 B 2 D 103 = ?

Ans
✗ A. 58
✗ B. 55
✓ C. 57
✗ D. 59

Q.36 छह बॉक्स A, B, F, G, H और I एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। F और I के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। H को F के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। I और G के बीच केवल A को रखा गया है। B और H के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ A. दो
✓ B. चार
✗ C. एक
✗ D. तीन

Q.37 रघु बिन्दु A से ड्राइव करना शुरू करता है और 7km उत्तर की ओर ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 5km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 9km ड्राइव करता है, और फिर से दाएं मुड़कर 8km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़कर 16km ड्राइव करता है और बिन्दु B पर रुक जाता है। बिन्दु A पर वापस जाने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 14km पूर्व की ओर
✗ B. 11km उत्तर की ओर
✗ C. 12km दक्षिण की ओर
✓ D. 13km पश्चिम की ओर

Q.38 एक डिजिटल पोलिंग एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नगरपालिका चुनाव में उम्मीदवार X को कुल वैध मतों का 65% मत प्राप्त हुआ, जबकि उम्मीदवार Y को 35% मत प्राप्त हुए। यदि कुल 13,000 वैध मत डाले गए थे, तो उम्मीदवार X, उम्मीदवार Y से कितने मतों से आगे रहा?

Ans
✗ A. 4200
✓ B. 3900
✗ C. 3500
✗ D. 2600

Q.39 A, B, J, U, R, E तथा S में से प्रत्येक का अवकाश, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। J से पहले केवल दो व्यक्तियों का अवकाश है। B के बाद केवल एक व्यक्ति का अवकाश है। J और R के बीच केवल तीन व्यक्तियों का अवकाश है। A और E के बीच केवल एक व्यक्ति का अवकाश है। U का अवकाश A से ठीक पहले है। निम्नलिखित में से किसका अवकाश शुक्रवार को है?

Ans
✗ A. B
✗ B. A
✓ C. S
✗ D. E

Q.40 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) % M % A I $ G % J * O @ V U $ H # % £ © A & (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
✗ A. 3
✓ B. 1
✗ C. 0
✗ D. 2

Q.41 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) P K O C N E Z U L B N U C Z M T U Y B E E S (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
✓ A. 5
✗ B. 7
✗ C. 6
✗ D. 4

Q.42 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक # 6 + 7 5 9 8 $! 3

कूट P V F Q Y S X W C H

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।

(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।

(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?

 # 6 + 7 5

Ans
- ✗ A. PVFQY
- ✓ B. YVFQP
- ✗ C. MVFQY
- ✗ D. PYFQY

Q.43 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

HDH–JFJ
PLP–RNR

Ans
- ✗ A. UQU–VSV
- ✗ B. UPS–VRV
- ✓ C. UQU–WSW
- ✗ D. UPS–WSW

Q.44 कोई ड्रेस ₹500 में खरीदी गई और 10% की हानि पर बेची गई। उसका विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹470
- ✓ B. ₹450
- ✗ C. ₹400
- ✗ D. ₹480

Q.45 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से FAME का संबंध NIUM से है। उसी तरीके से, LGSK का संबंध TOAS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JEQI का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. REQS
- ✓ B. RMYQ
- ✗ C. RQWE
- ✗ D. RMYU

Q.46 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 17 का संबंध 36 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 22 का संबंध 46 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 25 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 45
- ✗ B. 56
- ✓ C. 52
- ✗ D. 48

Q.47 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
पांच छड़ियों, F, B, C, Y और N में से प्रत्येक की लंबाई भिन्न-भिन्न है, तो कौन-सी छड़ी सबसे छोटी है?

कथन:
(I) N, C से लंबी है।
(II) Y, N से लंबी है। F केवल एक छड़ी से छोटी है।

Ans
- ✗ A. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
- ✗ B. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✓ C. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ D. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q.48 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

COG DID LAM JEW

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. चार
- ✓ D. तीन

Q.49 एक बेलन के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात 1 : 2 है। यदि लंबवृत्तीय बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 616 cm^2 है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

Ans
- ✗ A. $1088\ cm^3$
- ✗ B. $1120\ cm^3$
- ✓ C. $1078\ cm^3$
- ✗ D. $1190\ cm^3$

Q.50 एक कार के रेडिएटर में 47% एंटीफ्रीज वाला विलयन होना चाहिए। एक मोटरचालक के पास 28% एंटीफ्रीज वाला 15 लीटर विलयन है। 47% एंटीफ्रीज वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे अपने विलयन में 65% एंटीफ्रीज द्रव का कितना लीटर (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) मिलाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 17.21
- ✓ B. 15.83
- ✗ C. 20.88
- ✗ D. 18.64

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. GIM
- ✗ B. RUX
- ✗ C. PSV
- ✗ D. ILO

Q.52 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
8 B 2 D 14 A 7 C 9 = ? D 3

Ans
- ✗ A. 22
- ✗ B. 24
- ✗ C. 28
- ✓ D. 26

Q.53 कार्बन की श्रृंखला बनाने की क्षमता के कारण समजातीय यौगिकों की एक श्रेणी बनती है जिसमें एक ही प्रकार्यात्मक समूह अलग-अलग लंबाई की कार्बन श्रृंखलाओं से जुड़ा होता है, इसे किस रूप में जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. योगज
- ✗ B. प्रतिस्थापन
- ✗ C. विलोपन
- ✓ D. शृंखलन

Q.54 यदि शब्द OARFISH के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. एक का भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.55 यदि $33^{0.65} = x$, $33^{0.84} = y$ और $x^z = y^5$ दिया गया है, तो z का मान _____के निकटतम है।

Ans
✗ A. 4.53
✗ B. 9.97
✗ C. 8.95
✓ D. 6.46

Q.56 Δ PQR में, ∠P का समद्विभाजक PS है, जो भुजा QR से S पर मिलता है। यदि PQ = 7.2 cm, QR = 7 cm, और QS = 3.6 cm है, तो PR की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 3.5 cm
✓ B. 6.8 cm
✗ C. 5.7 cm
✗ D. 4.6 cm

Q.57 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
61 62 64 68 76 ?

Ans
✗ A. 90
✗ B. 95
✓ C. 92
✗ D. 94

Q.58 एक मध्यम विषम बंटन (moderately skewed distribution) में, माध्य और माध्यिका का अनुपात 5:4 है। यदि बहुलक माध्यिका से 8 कम है, तो बहुलक का मान कितना होगा?

Ans
✗ A. 14
✗ B. 12
✓ C. 8
✗ D. 10

Q.59 यदि शब्द READING के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
✗ A. तीन
✗ B. एक का भी नहीं
✓ C. दो
✗ D. एक

Q.60 बड़े हॉलों में, दीवारों से बार-बार टकराने के कारण ध्वनि लंबे समय तक बनी रहती है। ध्वनि-अवशोषक पदार्थों का उपयोग करके इस प्रभाव को कम किया जा सकता है। इस परिघटना को क्या कहते हैं?

Ans
✗ A. अनुनाद
✗ B. प्रतिध्वनि
✓ C. अनुरणन
✗ D. रव

Q.61 C, D, E, F, G, X और Y में से प्रत्येक का इंटरव्यू सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E के बाद केवल चार व्यक्तियों का इंटरव्यू है। F के बाद केवल एक व्यक्ति का इंटरव्यू है। E और G के बीच केवल तीन व्यक्तियों का इंटरव्यू है। Y और X के बीच केवल एक व्यक्ति का इंटरव्यू है। D का इंटरव्यू, Y से ठीक पहले वाले दिन है। C और Y के बीच कितने व्यक्तियों का इंटरव्यू है?

Ans
✗ A. तीन
✗ B. एक
✗ C. चार
✓ D. दो

Q.62 एक प्रयोग के दौरान, एक भौतिक विज्ञानी यह अवलोकन करता है कि आघात करने पर एक विशिष्ट पदार्थ 18 Hz पर कंपन करता है। यह कंपन किस प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है, और मानव कान द्वारा इसे कैसे अनुभूत किया जाएगा?

Ans
✗ A. पराश्रव्य; यह बहुत धीरे से सुनाई देगी
✗ B. श्रव्य; यह स्पष्ट रूप से सुनाई देगी
✗ C. श्रव्य; यह सुनाई नहीं देगी, बल्कि महसूस होगी
✓ D. अवश्रव्य; यह मनुष्यों द्वारा नहीं सुनी जा सकेगी

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.63 यदि $a + b + c = 0$ है, तो $\frac{a^2}{a^2 - bc} + \frac{b^2}{b^2 - ca} + \frac{c^2}{c^2 - ab}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 2
- ✘ B. 0
- ✘ C. 4
- ✘ D. 6

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
CGH 6, ZLE 19, WQB 32, TVY 45, ?

Ans
- ✘ A. QBU 58
- ✘ B. RBV 56
- ✔ C. QAV 58
- ✘ D. PCU 56

Q.65 1292 m के वृत्तीय पथ पर, सुजाता और अंजलि एक ही बिंदु से विपरीत दिशाओं में क्रमशः 3.7 m/s और X m/s की चाल से चलना प्रारंभ करती हैं। वे 136 सेकंड के पश्चात पहली बार मिलेंगी। X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 9.4
- ✘ B. 0.4
- ✘ C. 11.3
- ✔ D. 5.8

Q.66 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 398 635 586 478 659 (दाएं)
(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6 है, दूसरा अंक = 9 है, और तीसरा अंक = 7 है)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✘ A. 8
- ✘ B. 13
- ✔ C. 11
- ✘ D. 10

Q.67 यदि $12\sin y + \cos y = \sqrt{11}\sin y$ हो, तो $\tan y$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $\frac{-13 - \sqrt{11}}{133}$
- ✘ B. $\frac{-12 - \sqrt{11}}{138}$
- ✘ C. $\frac{-12 - \sqrt{11}}{143}$
- ✔ D. $\frac{-12 - \sqrt{11}}{133}$

Q.68 $(\sin^4\theta - \cos^4\theta + 1)\sec^2\theta - 2\tan^2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 3
- ✔ B. 0
- ✘ C. 5
- ✘ D. 2

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से YWAZ का संबंध WUYX से है। उसी तरीके से ECGF का संबंध CAED से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VTXW का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✘ A. TRUU
- ✘ B. TQUU
- ✔ C. TRVU
- ✘ D. TSUA

Test Prime By Adda247

PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly



ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.

Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME

Test Prime

SUCCESS GALLERY!

MEET THE ACHIEVERS


Kunal, RRB JE


Shivam, UPSSSC AGTA


Priya, ANM


KHALILUR, LDA


Manoj , PWD


Atin, JENPAS


Shatarupa, OPSC


Arpita, JENPAS


Shital, SSC JE (Mech)


Nancy, UGC NET


Atul, SSC JE (ELCT)


Rahul, SSC JE (CIVIL)


Anand, SSC JE (ELCT)


Mohan, SSC JE (ELCT)


Saurabh, UGC NET


Ved, SSC JE (Mech)

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Q.70 किसी क्रिकेटर ने खेले गए दस मैचों में 30, 42, 28, 35, 50, 44, 31, 39, 40, और 41 रन का स्कोर किया। प्रति मैच उसका औसत स्कोर (रन में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 38
- ✘ B. 42
- ✘ C. 36
- ✘ D. 40

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, जैविक वर्गीकरण में सबसे व्यापक (broadest) से लेकर सबसे विशिष्ट (specific) तक पदानुक्रम को सही रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✘ A. जाति, वंश, कुल, गण, वर्ग, संघ, जगत
- ✔ B. जगत, संघ, वर्ग, गण, कुल, वंश, जाति
- ✘ C. जगत, वर्ग, संघ, गण, कुल, वंश, जाति
- ✘ D. जगत, संघ, वर्ग, कुल, गण, वंश, जाति

Q.72 एक दुकानदार ₹600 प्रति दर्जन की दर से 41 दर्जन वस्तुएं खरीदता है। वह प्रत्येक वस्तु को ₹55 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✘ A. 11%
- ✘ B. 13%
- ✔ C. 10%
- ✘ D. 9%

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✘ A. WV−SR
- ✘ B. KJ−GF
- ✔ C. AZ−VX
- ✘ D. ML−IH

Q.74 पित्त रस, छोटी आंत में पाचन प्रक्रिया में कैसे सहायता करता है?

Ans
- ✘ A. यह पाचक एंजाइमों (digestive enzymes) का स्राव करता है
- ✘ B. यह पोषक तत्वों को रक्त वाहिकाओं में अवशोषित करता है
- ✘ C. यह प्रोटीन का ऐमीनो अम्ल में पाचन करता है
- ✔ D. यह वसा को छोटी गोलिकाओं में इमल्सीफाई (emulsifies) करता है

Q.75 सात बॉक्स C, D, E, F, X, Y और Z एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
केवल Z को D के ऊपर रखा गया है। D और C के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल X को Y के नीचे रखा गया है।
F को C के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
E और X के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. एक
- ✘ C. चार
- ✘ D. तीन

"